**पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मन्त्री (डा० कर्ण सिंह)** : (क) मध्य प्रदेश में पर्यटन योजनाओं पर होने वाले व्यय के ब्यौरे को दिखाने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है। [ग्रन्थालय में रख दिया गया। देखिए संख्या LT—3985/70]

(ख) मध्य प्रदेश में पर्यटन आकर्षण के अनेकानेक स्थल है, परन्तु दुर्गम्य होने के कारण इन स्थानों के लिए पर्यटक यातायात के प्रवाह में कुछ बाधायें पड़ती हैं। खजुराहों, सांची तथा कान्हा किस्ली राष्ट्रीय उद्यान ऐसे महत्वपूर्ण पर्यटन केन्द्र है जहां पर्यटन विभाग द्वारा आवास/परिवहन की अतिरिक्त सुविधायें प्रदान करने का प्रस्ताव है।

## नर्मदा नदी के किनारे स्थित शहरों और कस्बों में खुदाई

2915. **श्री गं० च० दीक्षित** : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश और विशेषत: मध्य भारत में नर्मदा नदी के किनारे स्थित शहरों और कस्बों में पुरातत्व विभाग ने खुदाई का कार्य आरम्भ कर दिया है; और

(ख) यदि हां, तो इस खुदाई के क्या परिणाम निकले हैं और देश में इसी प्रकार के ऐतिहासिक महत्व वाले स्थानों की खुदाई के कार्य में शीघ्रता लाने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है?

**शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भक्त दर्शन)** : (क) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने नर्मदा नदी के तट पर स्थित शहरों और कस्बों में अभी तक कोई खुदाई का कार्य नहीं किया है। किन्तु, उसने दकन उत्तर-स्नातक कालेज तथा अनुसंधान संस्थान, पूना तथा एम० एस० विश्वविद्यालय, बड़ौदा को खुदाई करने के लिए प्राधिकृत किया था।

(ख) उन्होंने, 1952-53 और 1957-58 वर्षों के दौरान जिला निमाड़ में नर्मदा नदी के सामने वाले तटों पर स्थित महेश्वर और नर्मदा टोली में खुदाई कराई थी। इन स्थानों पर प्राप्त सांस्कृतिक आधिपत्य का क्रम ताम्र पाषाणिक युग (1800 ईसा पूर्व-1200 ईसा पूर्व) से मध्याकालीन युग तक है। ताम्र पाषाणिक युग के अवशेषों में चित्रित वर्तन, लघुअश्म तथा तांबे और कांसे के सीमित प्रयोग, शामिल हैं। लोह-युग (900 ईसा पूर्व से चौथी और पांचवी ईसवी शताब्दी) के अवशेषों में काले-लाल बर्तन, पकी हुई मिट्टी की मूर्तियां तथा प्रथम ईसवी शताब्दी के एक या दो सिक्कों तीसरे युग अर्थात मध्यकालीन युग और मुख्यतया 14वीं, 15वीं और 16वीं शताब्दियों के मुस्लिम मराठा युग की कांच की चूड़ियां प्राप्त हुई हैं। इसके अतिरिक्त उस युग की कुछ ईमारतों के अवशेष भी मिले हैं।

खुदाइयों से संबंधित एक रिपोर्ट पहले ही प्रकाशित कर दी गई है और दूसरी शीघ्र ही छपने वाली है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण इस स्थान के उसके द्वारा संरक्षण के प्रश्न पर राज्य सरकार से बात चीत कर रहा है।

## मध्य प्रदेश में अतिथि गृहों, अवकाश गृहों और विश्राम कक्षों की व्यवस्था करना

2916. **श्री गं० च० दीक्षित** : क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केंद्रीय सरकार मध्य प्रदेश सरकार के इस प्रस्ताव पर विचार कर रही है कि उसे पर्यटकों को उचित स्थान उपलब्ध कराने के लिए अतिथि गृहों, अवकाश गृहों और विश्राम कक्षों के निर्माण के लिए अपेक्षित धनराशि का कुछ भाग दे दिया जाये;

(ख) यदि हाँ, तो कथित प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) उस पर क्या निर्णय किया गया है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मन्त्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) से (ग). सितम्बर, 1969 में राज्य सरकार ने पर्यटन विभाग को सुझाव दिया कि पर्यटकों के लिए आवास सम्बन्धी सुविधायें प्रदान करने के लिये केन्द्रीय सरकार द्वारा निम्न लिखित योजनाओं को हाथ में लिया जाये :—

(i) खजुराहो के सर्किट हाउस की अनेक्सी ।

(ii) खजुराहो में अवकाश-गृह (होलीडे होम) ।

(iii) ग्वालियर में 20 शय्याओं वाला एक पर्यटक बंगला ।

(iv) मैहर में एक अवकाश-गृह ।

(v) कान्हा में 10 डबल-कमरे ।

(vi) शिवपुरी में 10 डबल-कमरों वाला एक पर्यटक बंगला ।

(vii) बंधोगढ़ राष्ट्रीय उद्यान में एक विश्राम-गृह ।

(viii) सांची के सर्किट हाउस में छः डबल-कमरों की वृद्धि ।

(ix) ग्वालियर, पंचमढ़ी, मांडु, शिवपुरी तथा उज्जैन में युवा होस्टल ।

(x) सतना में सर्किट हाउस ।

(xi) रीवा में चचाई जल प्रपात के विश्रामगृह में दो कमरों की वृद्धि ।

(xii) ओंकारेश्वर विश्रामगृह में दो कमरों की वृद्धि ।

(xiii) महेश्वर में दो कमरों की वृद्धि ।

(xiv) ओरछा के विश्रामगृह का सुधार ।

अपने सीमित साधनों के कारण, पर्यटन विभाग चौथी योजना के दौरान केवल खजुराहो, सांची तथा कान्हा-किस्ली राष्ट्रीय उद्यान में अतिरिक्त आवास सम्बन्धी सुविधायें प्रदान करने की स्थिति में है ।

### Killing of Policemen by Naxalites in Calcutta

2917. SHRI S. P. RAMAMOORTHY : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether several Policemen were recently killed by Naxalites and other extremists in Calcutta ; and

(b) if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND MINISTER OF STATE, DEPARTMENTS OF ELECTRONICS AND SCIENTIFIC AND INDUSTRIAL RESEARCH (SHRI K. C. PANT) : (a) and (b) Facts are being ascertained from the State Government.

### Murders by Naxalities in Andhra Pradesh

2918. SHRI S. P. RAMAMOORTHY : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether Naxalites have killed a number of people in Hyderabad and other parts of Andhra Pradesh ; and

(b) if so, whether the Government of India have received any report from the Andhra Pradesh Government in this regard and, if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND MINISTER OF STATE, DEPARTMENTS OF ELECTRONICS AND SCIENTIFIC AND INDUSTRIAL RESEARCH (SHRI K. C. PANT) : (a) and (b). Upto date facts are being ascertained from the State Government.

### Clash Between Two Groups of Naxalites in Jalpaiguri

2919. SHRI S. P. RAMAMOORTHY : Will the Minister of HOME AFFAIRS be be pleased to state :

(a) the details of persons killed and seriously injured in Jalpaiguri recently in violent clash between two groups of Naxalites ; and